| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**हिम्मत सिंह गहलोत**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353988855534944 | न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11/09/25 | अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चोखा बाइपास रोड, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 23.08.2025 को उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट जोधपुर (दक्षिण) द्वारा दिनांक 21.07.2025 को पत्र क्रमांक– राजस्व/2025 के राजकाज रेफरेंस न 16673020 के माध्यम से तहसीलदार जोधपुर को राजस्व ग्राम गेंवा के खसरा नंबर 867/12 व 867/1 में कृषि भूमि में गैर कृषि गतिविधियां प्रयोग में लाई जाने से संबंधित की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा गया उक्त वर्णित आदेश के संबंध में तहसीलदार द्वारा क्या कार्यवाही की गई उसका सम्पूर्ण विवरण प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.12 20:43:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17721744